तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 डाइट बेमेतरा में बालवाड़ी प्रशिक्षण से शिक्षकों को मिला नया ...



12 छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के नवागढ़ ...

## खबर संक्षेप

### नवागढ़ में मनाई जाएगी गुरु घासीदास जयंती, मंत्री खुशवंत साहेब होंगे शामिल

**नवागढ़।** सतनामी समाज के महान संत गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर ग्राम भदराली में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के गुरु खुशवंत साहेब, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा मंत्री, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंत्री साहेब गुरुवार को शाम करीब पांच बजे ग्राम भदराली पहुंचेंगे। समारोह की अध्यक्षता राजमहंत अनूप कुर्रे करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भदराली की सरपंच सुनीता नंदकुमार बंजारे की मेजबानी में किया जा रहा है। समारोह में जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी, शशि प्रभा गायकवाड़ एवं मधु रॉय, जनपद सदस्य शिव साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रितेश शर्मा सहित फूल सिंह यादव, देवा दास चतुर्वेदी, हेमा जय दिवाकर, हरिकिशन कुर्रे एवं साध राय मधुकर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा सरपंच ग्राम पंचायत बदनारा, बोरदही, बूचीपुर, केशला, मगरघटा, पौसरी, मल्दा सहित विभिन्न ग्रामों के जनप्रतिनिधि, राजमहंत, महंत एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

### समृद्धि व नवदीप को मानसगान प्रतियोगिता में मिला प्रथम पुरस्कार



**बेमेतरा।** हसदा में आदर्श बाल मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय संगीतमय श्रीरामचरितमानस गान प्रतियोगिता हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अंचल की 18 ख्यातिलब्ध मानस मंडलियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सुर समृद्धि मानस मंडली, बेमेतरा ने प्रथम, संगम मानस मंडली, खल्लारी ने द्वितीय तथा लोक सिंगार मानस मंडली, आमकोनी (बलौदाबाजार) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में नवदीप महिला मानस मंडली, अंबागढ़ चौकी को प्रथम पुरस्कार मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रख्यात रामायणी प्रो. रामनारायण ध्रुव (तुलसी के बिरवा मानस मंडली, बिलासपुर) का सुमधुर भजन गायन रहा। विशेष वादन व गायन में उत्कृष्ट कलाकारों को सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व जिला मानस संघ के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। आयोजन में आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा, वहीं कार्यक्रम का सीधा प्रसारण त्रिलोक स्टूडियो द्वारा किया।

# बिजली केवल सुविधा नहीं, बल्कि विकास की आधारशिला : रात्रे

## विद्युत विभाग की रजत जयंती पर आनंदगांव विद्युत विभाग में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विद्युत विभाग छत्तीसगढ़ को 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आनंदगांव विद्युत विभाग में रजत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सच्चिदानंद मिश्रा, नगर पंचायत कुसमी के सीएमओ श्रवण गबने, नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष चंदप्रकाश साहू, तोरण नायक उपस्थित थे।

एई अत्रकार रात्रे ने कहा कि बिजली केवल सुविधा नहीं, बल्कि विकास की आधारशिला है। सौर ऊर्जा की उपयोगिता और भविष्य में इसके बढ़ते महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रजत महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विभाग के विभिन्न योजनाओं को लोगो तक पहुंचाना है। जैसे-पंप कनेक्शन पर छुट का योजना, मुफ्त बिजली योजना, एकल बत्ती कनेक्धान का लाभ लेना, मोर विजली एप्पम की जानकारी व साथ ही अन्य योजनाओं के करे मे लेगो को जागरूक किया।

जेई अनामिका सिंह ने बताया कि कोयला जैसे प्राकृतिक संसाधन की सीमित मात्रा व ऊर्जा की बढ़ती मांग को ऊर्जा के नवीकरणीय स्त्रोत सोलर पैनल के माध्यम से ही पूरा किया जा सकता है। बीपीएल कनेक्शन, कृषक जीवन ज्योति योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को सीधा फायदा पहुँचाया जा रहा है। साथ ही मोर बिजली एप, केंद्रीय विद्युत कॉल सेंटर और ई-मेल सेवा जैसी सेवाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को ▶▶| शेष पेज 12 पर



**उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित :** कार्यक्रम में एकलबत्ती, घरेलू, कृषि सिंचाई वाले ऐसे सम्माननीय उपभोक्तागण जिनके द्वारा विगत 2 वर्षों से नियमित रूप से विद्युत देयक का भुगतान किया जा रहा है, उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आम उपभोक्ताओं व किसानों तक आसानी से पहुँच रही है सरकारी योजनाएं

नगर पंचायत कुसमी के सीएमओ श्रवण गबने ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास और बिजली विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और मोर बिजली एप जैसी सरकारी योजनाएं आम उपभोक्ताओं व किसानों तक आसानी से पहुँच रही हैं।

## आईजी का बेमेतरा दौरा, ली पुलिस अफसरों की बैठक

# कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व बीट पुलिसिंग को दें प्राथमिकता: शांडिल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और कम्युनिटी पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में आईजीपी ने बीट प्रणाली को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक बीट प्रभारी को क्षेत्र का संपूर्ण डेटा तैयार कर नियमित भ्रमण एवं जनता से संवाद स्थापित करना होगा। उन्होंने थाना/चौकी में आने वाले फरियादियों के प्रति मैत्रीपूर्ण व्यवहार, उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करने और समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि बनाने पर विशेष बल दिया।

आईजीपी ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित अपराध, मर्ग, गुमशुदा व्यक्तियों और समयबद्ध मामलों का निपटारा 60 से 90 दिनों में सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साइबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन एप और "सशक्त एप" के माध्यम से हाईटेक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों पर कड़ी निगरानी रखने तथा महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के निराकरण हेतु "ऑपरेशन मुस्कान" चलाने के भी निर्देश दिए गए। आईजीपी ने रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग, विजिबल पुलिसिंग, चोरी और अपराध नियंत्रण, सड़क सुरक्षा जागरूकता और गुमशुदा व्यक्तियों की खोज के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी दक्षता बढ़ाने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी, एसडीओपी सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

### जनता से मैत्रीपूर्ण व्यवहार के निर्देश

आईजीपी श्री शांडिल्य ने कहा कि थाना व चौकी में आने वाले फरियादियों से प्रभारी स्वयं बात करें, धैर्यपूर्वक उनकी शिकायतें सुनें और प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। इससे समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि स्थापित होगी और आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करेगा।


### अवैध गतिविधियों पर सख्ती

अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान और शिकायतों के शीघ्र निपटारे पर विशेष बल दिया । आईजीपी ने समयबद्ध मामलों में 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तलाशी व जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य करने पर भी जोर दिया गया। नए आपराधिक कानून—भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम—के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा की गई।

# शिवनाथ नदी में कूदकर खाद्य विभाग के प्लेसमेंट कर्मचारी ने की आत्महत्या







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- अमोरा पुल के नीचे मिला शव, ऊपर खड़ा मिला दोपहिया वाहन

जिला मुख्यालय के समीप शिवनाथ नदी में कूदकर आत्महत्या किए जाने की एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। जिला खाद्य विभाग में प्लेसमेंट पर कार्यरत सागर शुक्ला (35) का शव मंगलवार सुबह बेरला मार्ग स्थित अमोरा पुल के नीचे नदी में डूबा मिला। सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, शव को बाहर निकलवाकर मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुल पर मृतक का दोपहिया वाहन भी खड़ा मिला है, जिससे प्रथम दृष्टया नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार अलसुबह अमोरा पुल के नीचे नदी में एक युवक का शव पानी में तैरता दिखाई दिया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर जांच की तो मृतक की जेब से मिले दस्तावेजों तथा पुल पर खड़े दोपहिया ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सहकर्मियों ने जताई चिंता, लंबे समय से बदला-बदला व्यवहार

मामले में एक अहम एंगल यह भी सामने आया है कि विभाग के सहकर्मियों के अनुसार बीते करीब एक साल से सागर शुक्ला का व्यवहार बदला-बदला सा था। वे अक्सर चिंतित और डिस्टर्ब नजर आते थे, जिससे ऐसा प्रतीत होता था कि वे किसी गंभीर निजी परेशानी से जूझ रहे थे। हालांकि आत्मघाती कदम के पीछे की ठोस वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। पुलिस ने प्रार्थी की सूचना पर मर्ग दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। परिजनों, सहकर्मियों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# किसानों के साथ भाजपा ने की वादाखिलाफी : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- धान खरीदी में बाधाओं को लेकर भाजपा सरकार पर कांग्रेस का हमला



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार पर किसानों के साथ वायदाखिलाफी करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा किसानों से धान खरीदने की नहीं है, इसी कारण जानबूझकर धान खरीदी प्रक्रिया में तरह-तरह की बाधाएं खड़ी की गईं।

आशीष छाबड़ा ने कहा कि राज्य में लागू की गई टोकन प्रणाली पूरी तरह अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही धान के परिवहन में लगातार देरी होने के कारण निर्धारित समय सीमा में टोकन लिए हुए किसानों का धान नहीं खरीदा जा सका। उन्होंने आरोप लगाया कि हर स्तर पर भाजपा सरकार ने किसानों के साथ छल-कपट किया है, जिसका नतीजा यह है कि आज भी जिले में 10 हजार क्विंटल से अधिक धान लेकर किसान खरीदी केंद्रों में बैठे हैं और अपने धान के बिकने का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन धरातल पर उसकी असलियत जनता के सामने आ चुकी है। इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसान सालभर मेहनत कर फसल तैयार करते हैं, साहूकारों और बैंकों से कर्ज लेते हैं, इस उम्मीद में कि सरकार उनका धान खरीदेगी, लेकिन भाजपा सरकार किसानों और गरीबों का भला करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

आशीष छाबड़ा ने मांग की कि यदि भाजपा सरकार में जरा भी नैतिकता बची है, तो धान खरीदी की अंतिम तिथि को तत्काल आगे बढ़ाया जाए, ताकि किसानों का धान बिक सके। अन्यथा बड़ी संख्या में किसान आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आने वाले दिनों में धान खरीदी की तिथि नहीं बढ़ाई गई, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में बड़ा जन आंदोलन खड़ा करेगी।

# लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागों में लंबित प्रत्येक प्रकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है और इनके निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि लंबित मामलों को सहजता से लेने की प्रवृत्ति पर तत्काल अंकुश लगाया जाए तथा प्रकरणों के निराकरण में जवाबदेही सुनिश्चित हो ।

कलेक्टर ने बैठक में समय-सीमा के अंतर्गत कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, विभिन्न विभागीय पोर्टल एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार एक ही विषय से संबंधित शिकायतें आना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है, अतः अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की कगार पर है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी विभाग अपने-अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राथमिकता तय करें और शीघ्रता से लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि बजट के समुचित उपयोग के साथ योजनाओं का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुँचना चाहिए।

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न शासकीय योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की और सभी विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कर्तव्य निर्वहन गंभीरता से करते हुए विभागीय कार्यों का समयबद्ध संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

### अनाधिकृत अनुपस्थिति पर होगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली की समीक्षा करते हुए अनियमित उपस्थिति वाले अधिकारी-कर्मचारियों को चेतावनी जारी की और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नाम, जाति, स्थान सहित बूथों में परिवर्तन की भारी गड़बड़ी

# मतदाता सूची में विसंगतियों को सुधारने पार्षदों ने कलेक्टर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

- एसआरआई हेतु 20 हजार को नोटिस से लोगो की परेशानी बढ़ी

निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद नगर पंचातत क्षेत्र के 7 बूथ सहित तहसील क्षेत्र के सभी बूथो मे आई भारी गड़बड़ी व विसंगतियों के लिए पार्षद श्रीमती संतोष शर्मा, श्रीमती भारती निर्मलकर व नरेश पाटिल ने 3 जनवरी को कलेक्टर प्रतिष्ठा ममदई से मिलकर मतदाता सूची सुधारने लिखित अर्जी लगाई है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने पत्र पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने जांच कार्रवाई कर सूची सुधार करने का आश्वासन दिया है।

प्रकाशित मतदाता सूची मे नामो,जाति व स्थानो मे भारी बदलाव देखा गया है,परिवार के सदस्यो के बिखराव अलग-अलग बूथो मे होने से मतदान करने होने वाले असुविधा का चिंता भी पार्षदो ने जाहिर किया है।लगभग तीन माह से चल रही एसआईआर मे मतदाथाओ द्वारा दी गयी पहचान-पत्रो व सत्यापित दस्तावेजो के बावजूद बेवजह नोटिस भेजे जाने से भी नागरीक व ग्रामीणो मे आक्रोश देखा गया है।बीएलओ व सहायक निर्वाचन आधिकारीयो द्वारा लगातार सजगता के साथ एसआईआर किये जाने के उपरांत भी मतदाता सूचियो मे विसंगतियां पायी जाती है तो सूची सुधारने प्रशासन की बड़ी जिम्मेदारी बनती है।





भारी विसंगति के चलते लोगों में आक्रोश

गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र मे चली एसआईआर प्रक्रिया के बाद प्रकाशित मतदाता सूची मे बड़ी विसंगतियां सामने आयी है,लगातार कैम्पों के माध्यम से मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज मंगाई गयी लोगो ने सूची से नाम विलोपन ना होने के चक्कर मे आवश्यकता दस्तावेजो को जुटाकर सहायक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत हुए और आपने नामो का एसआईआर कराया परंतु मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशनके बाद भारी विसंगति देख लोगो को आक्रोश देखने को मिला। उक्त समस्या के निदान हेतु नगर पंचायत के पार्षदो ने जिम्मा उठाया और सूची वसंगति दूर करने कलेक्टर से गुहार लगायी है।आरोप है मतदाता सेची मे वार्डो को वरीयता नही दिया गया है बूथो दूरी मे काफी अंतर तथा परिवारो का नाम एक बूथ व क्रमबद्ध नही है जबकि नगर पंचायत क्षेत्र मे निविस ही नही करने वालो का भी मतदाता सूची मे नाम वामिल कर लिया गया है जिस पर पार्षदो आपत्ति दर्ज किया है।मतदाता के नामो,जाति व स्थानो मे परिवर्तन से मतदाता भी अचम्भित है। प्रकाशित फोटोयुक्त मतदाता सूची मे अहम बात यह है कि मतदाताओं की पहचान फोटो मे ही गड़बड़ी पायी गयी है पुरूष की फोटो स्त्री व स्त्री का फोटो पुरूष का लगा दिया गया जिससे मतदाताओं की पहचिन नही हो पा रही है। पार्षदों ने कलेक्टर प्रतिष्ठा ममदई से प्रत्यक्ष रूप से मिलकर मतदाता सूची मे आयी विसंगतियों को दूर करने का आग्रह किया है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

पूर्व में प्रकाशित मतदाता सूची का एसआईआर किया गया है सूची मे छेड़छाड़ नही किया गया है मतदाता नाम,जाति व स्थान सहित आन्य तरह की त्रुटि मे सुधार हेतु प्ररूप-8 का उपयोग कर संशोधन करवा सकते है।

**- मोरध्वज साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी कर्मचारी, थान खम्हरिया**

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर व डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना व पुरानी पेंशन सहित मांगों पर दिया जोर



मंगलवार को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय निर्देशानुसार जिले के शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्णय के अनुरूप विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में शासन स्तर पर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने, 20 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर पूर्ण पेंशन, पूर्व सेवा की गणना कर क्रमोन्नति प्रदान करने, टेट की अनिवार्यता समाप्त करने, वीएसके ऐप के स्थान पर बॉयोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज कराने सहित अन्य मांगें प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

### ये रहे उपस्थित

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते समय छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला बेमेतरा के जिला अध्यक्ष विजय डेहरे, देवनाथ साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बेमेतरा रेखा लाल धृतलहरे, नवागढ़ से रोहित राजपूत, साजा से रुपेश कुमार साहू, जिला सचिव, रोहित बिसेन, सोन लाल चंद्राकर, रामपाल ध्रुव, हरिश शर्मा, रामकुमार ध्रुव, पुनित ध्रुव, अशोक साहू, वरुण धनकर, जीवराखन वर्मा, मनोज चुरावन वर्मा, गंगाराम साहू, नरेंद्र निषाद, उमाशंकर साहू, लेखराम ध्रुव सहित जिले के बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा पांच से



**खड़गांव।** आगामी पांच से सात फरवरी तक जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता रखा गया है। स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लिए खिलाड़ी अभ्यास करने में जुटे है। इसी क्रम में ग्राम में थाना स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसस चयनित 3- 3 टीमें जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होगी। वर्तमान में 11 टीम पुरुष और दो महिला टीम शामिल हो चुकी है।

### अस्तित्व बचाने सड़क पर आई कांग्रेसः साहू



**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम को नौटंकी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस अपना अस्तित्व बचाने के लिए सड़क पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी के बहाने प्रभु राम का विरोध कर रही हैं। भाजपा सरकार ने बापू के सपनों को साकार करते हुए विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण कानून लाकर अच्छा कदम उठाया है। उन्होंने बतायाकि मनरेगा में मात्र 100 दिन काम मिलता था लेकिन अब 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। यह योजना किसानों और मजदूरों के लिए फायदेमंद साबित होगी। इस योजना में जल से सम्बंधित कामों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देकर और फर्जीवाडा रोकने के लिए के लिए बायोमेट्रिक और आधार से वेरिफिकेशन को अनिवार्य रखा गया है। अगर किसी मजदूर को 125 दिन तक काम नहीं मिलता है तो उसे बेरोजगारी भत्ता मिलेगा।

### मरदकठेरा में योग शिविर का आयोजन



**सड़क अतरिया।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय धोधा अंतर्गत ग्राम मरदकठेरा में संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के मार्गदर्शन में एक फरवरी से निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण सामिल होकर योगाभ्यास कर रहे हैं। शिविर में अनुभवी योग प्रशिक्षक नरेश नेताम द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग एवं प्राणायाम करने का तरीका, समय आदि की जानकारी तथा योग के माध्यम से विभिन्न रोगों से बचाव की जानकारी दी जा रही है। शिविर प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से आयोजित किया जा रहा है। शिविर प्रभारी डॉ. नरोत्तम नेताम ने ग्राम एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।

### वार्षिक उत्सव में शामिल हुए विजय वर्मा



**सड़क अतरिया।** बीते दिवस रविन्द्र नाथ टैगोर स्कूल नर्मदा में आयोजित वार्षिक उत्सव में जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि विजय वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होने उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक को सम्मानित किया। विजय वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा से बड़ी कोई पूंजी नहीं होती और शिक्षा ही एक ऐसी पूंजी है जिसकी कभी चोरी नहीं किया जा सकता न ही उसका बटवारा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने ने स्कूल में छात्रों की प्रतिभा को निखारने वाले आयोजनों की प्रशंसा किया। श्री वर्मा के साथ गीता जघेल, लिखन जँघेल, रघुनंदन, रामकुमार भट्ट, माखन राम, मुरार जंघेल, पालक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### टीएच इलेवन के संस्थापकों का सम्मान



**राजनांदगांव।** नगर में आयोजित यादव प्रीमियर लीग 2026 के समापन समारोह में राजनांदगांव जिले में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत कर इतिहास रखने वाली खेल संस्था टीएच (टाउनहॉल) इलेवन के संस्थापक कप्तान पूनाराम यादव, रीतेश देवांगन और पोषण यादव का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि 1994 में राजनांदगांव में पहली बार फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत उस समय की प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब टीएच इलेवन द्वारा की गई थी। स्टेट हाईस्कूल मैदान पर आयोजित उस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की 16 प्रमुख टीमों ने भाग लिया था। उस दौर में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता कराना एक चुनौती पूर्ण कार्य था, जिसे आर्थिक रूप से कमजोर, किंतु हौसलों से बुलंद टीएच इलेवन के सदस्यों ने पूर्ण कर एक इतिहास रचा था।

## पेज 11 के शेष

### बिजली केवल सुविधा ...

डिजिटल सुविधाएँ मिल रही हैं। उक्त कार्यक्रम में लोकेंद्र यादव, मुकेश यादव, कमलकांत, राजेश, कल्याणी वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, प्रदीप यादव, योगेन्द्र, भूपत, पंकज वर्मा, परमानंद साहू सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। **योजनाओं का बैनर, पोस्टर के माध्यम से किया प्रचार-प्रसारः** कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार बैनर, पोस्टर, वीडियो के माध्यम से किया गया। विशेष रूप से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। इसके तहत शहरी और ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को उनके घर की छत पर 3 किलोवाट तक सोलर प्लांट लगाने पर केन्द्र सरकार की ओर से अधिकतम 78 हजार रुपए व राज्य सरकार की ओर से अधिकतम 30 हजार रुपए तक, कुल 1 लाख 8 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है।

### शिवनाथ नदी में कूदकर ...

वाहन के ऑनलाइन सर्च के आधार पर पहचान सागर शुक्ला, पिता लक्ष्मीनारायण शुक्ला, निवासी केलाबाड़ी, दुर्ग के रूप में हुई। सागर शुक्ला बेमेतरा जिला खाद्य विभाग में प्लेसमेंट कर्मचारी के तौर पर कार्यरत थे। घटना की सूचना तत्काल परिजनों को दी गई। पंचनामा कार्रवाई के बाद जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। **रात में भी दिखा था वाहन, समय स्पष्ट नहीं:** पुलिस के मुताबिक अमोरा पुल पर खड़े दोपहिया वाहन के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह जानकारी सामने आई कि वाहन रात में भी पुल पर देखा गया था। हालांकि मृतक ने नदी में कब छलांग लगाई, इसका समय अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस को मृतक की जेब से मोबाइल फोन और वाहन की चाबी मिली है, लेकिन पानी में डूबने के कारण मोबाइल बंद है।

---

### संशोधित सामाजिक संविधान पर विस्तृत चर्चा

# छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज नवागढ़ इकाई की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़



ग्राम मुंगवाय में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज नवागढ़ इकाई के राज प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण एवं निर्णयात्मक बैठक जिला अध्यक्ष हेमकांत यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गनिया, संबलपुर, कटई, बरबसपुर, मुलमुला, बालसमुंद, केशला, गुणा एवं एरमशाही राज के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर समाज के उत्थान से जुड़े कई अहम विषयों पर मंथन किया।

- समाज सुधार की दिशा में बड़ा कदम

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हेमकांत यादव ने प्रदेश कार्यालय में हाल ही में सामाजिक संविधान की नियमावली में किए गए संशोधनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित, अनुशासित और सशक्त बनाने के लिए इन नियमों का कड़ाई से पालन आवश्यक है। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भी प्रावधान रखा गया है। समाज सुधार की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए जिला अध्यक्ष ने घोषणा की कि अब समाज के सभी सामाजिक, धार्मिक एवं शादी-विवाह आयोजनों में पूर्ण शराबबंदी लागू रहेगी। नियम तोड़ने वालों को सामाजिक स्तर पर दंडित किया जाएगा। इसके साथ ही डीजे पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। अब शादी, छट्टी अथवा अन्य आयोजनों में डीजे नहीं बजेगा, जिससे सामाजिक कार्यक्रमों में शालीनता और संस्कारों की मर्यादा बनी रहे।

#### बाल विवाह पर सख्त रुख

बैठक में बाल विवाह रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि किसी भी नाबालिग लड़के या लड़की का विवाह समाज में स्वीकार्य नहीं होगा। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो दोषियों पर सामाजिक दंड के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

**शिक्षा को बढ़ावा, मेधावी छात्रों को सम्मानः** समाज में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा, ताकि अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले।

#### नियम न मानने पर सदस्यता समाप्त

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि संशोधित नियमावली का पालन नहीं करने वालों की छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 5066 से सदस्यता समाप्त की जा सकती है।

**इनकी रही उपस्थितिः** बैठक में शेखर यादव, अरुण यादव, अजय यादव, गणेश यादव, मनहरण यादव, श्यामजी यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, सेउक यादव, सेवा राम यादव, परमेश्वर यादव, विजय यादव, टीकम यादव, हरीशचंद यादव, रामकुमार यादव सहित विभिन्न राजों के पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

## ग्रामीणों ने की कोरोना काल में नियंत्रण के नाम पर किए खर्च के जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ग्राम पंचायत बुन्देली के ग्रामीणों ने कोरोना काल में पंचायत द्वारा कोरोना नियंत्रण पर किए गये खर्च की जांच की मांग की है। सोमवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित आवेदन देकर समाजिक अंकेक्षण करा कर जांच करने की मांग की है।

- सैकड़ों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर कलेक्टर को दिया आवेदन

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व सरपंच इंदरमन द्वारा कोरोना नियंत्रण की आड़ में एक बड़ी राशि पंचायत से निकाल कर गबन किया है। जबकी तत्कालीन समय पंचायत खर्च करने से कतराते रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि भीषण महामारी कोरोना के समय पूर्व सरपंच द्वारा सेनेटाइजर का छिड़काव, मास्क आदि के लिए बड़ी राशि निकाला गया है। जिसकी उस समय इतने बड़े पैमाने पर कोई भी कार्य नहीं हुआ था। अगर किए गये खर्च की जांच होती है तो राशि गबन का पोल खुल सकती है।

कोरोना के समय ग्रामीण बड़ी परेशानी का सामना किया है। जांच की मांग करने वालों में हरिश चन्द्र पाल, बलदाऊ सोनी, शिवा, मदन, भीखम जंघेल, मुरत, भगवती पाल, मायराम, रेखा बाई, सीता बाई, ओमकार यादव, तुकेश, सुमरीत यादव, सुशीला, अनिल वर्मा, लोकेश जंघेल, सुरेखा, चंदा बाई, प्रकाश यादव, शिव कुमार, जगत यादव, शीत कुमार, पुष्पा बाई, कविता यादव, देवराज यादव, रमला, दिलेश्वर, पुनेश्वर, फूलेश्वरी, अशोक यादव, गंगोत्री यादव, रेणुका यादव, दिलीप, रामकिशन, माधव, अशोक पाल, खिलेश्वर आदि ग्रामीणों तत्कालीन समय पंचायत द्वारा कोरोना के नाम पर किए गये खर्च की जांच करने की मांग की है।

---

## रजत जयंती पर नांदघाट वितरण उप केंद्र ने दिखाया बिजली क्षेत्र में उत्कृष्ट विकास

### बेमेतरा पावर डिस्ट्रीब्यूशन ने विस्तार और आधुनिकरण के साझा किए आंकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांदघाट

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती पर नांदघाट वितरण उप केंद्र में रजत जयंती वर्ष पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के बेमेतरा के कार्यपालन यंत्री जेएस भटनागर नवागढ़ के उपयंत्री नवीन वर्मा एवं नांदघाट के कनिष्ठ यंत्री . हरीश फारवी तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ शिवचरण साहु मंडल महामंत्री उपस्थित थे।

- कर्मचारियों और सेवा के प्रति उनके समर्पण का किया सम्मान

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड की बेमेतरा इकाई के द्वारा अब तक की यात्रा से जुड़े विभिन्न सोपानों पर प्रकाश डालते हुए से कार्यपालन यंत्री जेएस भटनागर ने बताया कि आज बेमेतरा जिले में दो डिवीजन कार्यरत हैं पहले एक हुआ करता था इसी प्रकार को डिवीजन दो से साथ वितरण केंद्र 9 से 21220 ,132/33 स्टेशन 0 से एक 132/ 33 0 से 433 11 केवि उपकेंद्र 9 से बढ़कर 164 पावर ट्रांसफार्मर 15 से बढ़कर 128 ,स्थापित वितरण ट्रांसफार्मर 2255 से बढ़कर 11861, 33 केवी लाइन 264 से बढ़कर 801.75 किलोमीटर 11 केवी लाइन 1585 से बढ़कर 5732 किलोमीटर, निम्न दाब एलटी लाइन 2074 किलोमीटर सेबढ़कर 13941 किलोमीटर तक पहुंच गया है। इसी तरह 689 गांवों में 4455 पंप कनेक्शन हुआ करते थेजो अब बढ़कर 53 हजार 72पंप कनेक्शनआवंटित किए गए हैं । इसके साथ ही कंपनी अपने उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं के अनुसार लगातार सर्वस्पर्शी होते जा रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को भी अच्छा प्रतिसाद छेत्र में मिल रहा है। कार्यक्रम में उपयंत्री नवागढ़ वर्मा सरपंच नांदघाट राजू पात्रे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ साहु ने विद्युत वितरण कंपनीके समस्त कर्मचारियों अधिकारियों को शुभकामनाए दी तथा उपस्थित गौ सेवा आयोग की जिला समिति के सदस्य विवेक शुक्ला ने विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों अधिकारियों के साथ उनके परिजनों के श्रमश्लथ का त्याग और समर्पण का सम्मान करते हुए उनको छेत्र में हरित क्रांति और कृषकों की मुस्कान का श्रेय दिया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त कर्मचारी छेदी लाल साहु का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया । इस अवसर पर नांदघाट सरपंच राजू पात्रे खपरी सरपंच प्रतिनिधि राजेश वर्मा अकोली के उपसरपंच रोहित निषाद लाईन इंस्पेक्टर सुकलाल शुक्ला अशोक देशमुख अनिल सत्या. सुमित शनि अमित रिंकू ठाकुर जीतराम महिस मन्नू साहू समेत अनेक सम्मानित उपभोक्ता उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए कनिष्ठ यंत्री हरीश फारवी ने कंपनी की ओर से भविष्य में भी अपेक्षित सहयोग की आशा प्रगट करते हुए समस्त उप भोक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

---

## सेवानिवृत्त कर्मी को दी विदाई

**डोंगरगांव।** नगर पंचायत ट्रेक्टर चालक हरि श्रीवास के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित कर बिदाई दी गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनम्र जेमा, उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता सहित अन्य ने सेवानिवृत्त कर्मचारी का स्वाागत शाल, उपहार स्मृंति चिन्ह भेटकर किया। इस दौरान दिवंगत कर्मचारी मनोज यादव एवं मंथीर मालेकर को श्रदधांजली दी गई। कार्यक्रम की समाप्ति पर कर्मचारी को घर तक बाजे गाजे के साथ छोड़ा गया।

## योजनाओं की दी जानकारी



**साल्हेवारा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी साल्हेवारा ने सब स्टेशन में धूमधाम से रजत जंयती मनाया। कनिष्ठ अभियंता उपासना मौर्य ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जंयती कार्यक्रम रखा गया है।

कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता गंडई हरि प्रसाद जंघेल ने उपभोक्ताओं को सूर्य सोलर योजना की जानकारी दी। योजना के वेंडर ने बताया कि 1 किलो वाट सोलर सिस्टम के लिए केंद्र सरकार से 30 हजार एवं राज्य सरकार से 15 हजार की सब्सिडी मिल रही है। दो किलोवाट पर क्रमशः 60 और 30 हजार, 3 किलोवाट पर 78 एवं 30 हजार की सब्सिडी मिलेगी। बाकी मार्जिन मनी लोन लेकर 10 वर्षो में अदा किया जा सकता है। मुख्य अतिथि निजाम सिंह मंडावी ने वनांचल क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निरंतर जारी रखने, विद्युत विहिन ग्रामों में जल्द सर्वे कर बिजली पहुंचाने पर जोर दिया।

## मेगा मेमोरी एक्सपर्ट डॉ. अवधेश पटेल ने दिया सफलता का मंत्र



**बेमेतरा।** विकासखंड नवागढ़ के संबलपुर स्थित समरसता भवन में 1 फरवरी को लोधी क्षत्रिय एम्प्लाइज्ड एंड इंटलेक्चुअल एसोसिएशन (लक्ष्य छत्तीसगढ़ संगठन) जिला इकाई बेमेतरा द्वारा शैक्षणिक उद्देश्य से "कम समय में परीक्षा की तैयारी कैसे करें" विषय पर प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेगा मेमोरी एक्सपर्ट डॉ. अवधेश पटेल ने विद्यार्थियों को कम समय में प्रभावी अध्ययन की महत्वपूर्ण तकनीकों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि मानव मन दो प्रकार का होता है— चेतन मन (10%) और अवचेतन मन (90%)। सामान्यतः व्यक्ति अपने कार्यों में केवल चेतन मन का ही उपयोग करता है, जबकि अवचेतन मन को जागृत कर असाधारण परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। डॉ. पटेल ने सेवर्स सूत्र के माध्यम से अवचेतन मन को सक्रिय करने और माइंड पावर बढ़ाने की विधि समझाई। उन्होंने कहा कि "व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही बनता है।" विद्यार्थियों ने पूरे ध्यान और एकाग्रता के साथ सेमिनार को सुना तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट किया। गतिविधियों के माध्यम से विषय को आत्मसात भी कराया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं लक्ष्य छत्तीसगढ़ संगठन के उपाध्यक्ष (व्याख्याता) कमलेश कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को समय के साथ सक्रिय रहते हुए अपनी पूरी ऊर्जा लक्ष्य प्राप्ति में लगानी चाहिए। उन्होंने बताया कि लक्ष्य छत्तीसगढ़ संगठन सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु निरंतर कार्य कर रहा है तथा विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस, पुस्तकें एवं आवश्यकता अनुसार वित्तीय सहयोग भी प्रदान करता है। कार्यक्रम के विशेष सहयोगी शेर सिंह राजपूत (शिक्षक), नवागढ़ रहे।

---

### गंडई के सेजेस विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# वार्षिकोत्सव और पूर्व छात्र मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

स्थानीय पीएम श्री स्व लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय में सोमवार 2 फरवरी को पूर्व छात्र मिलन, सम्मान समारोह एवं वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहाँ एक ओर बच्चों की प्रतिभा और शासन की योजनाओं का लाभ दिखा, वहीं दूसरी ओर प्रबंधन की कुछ कमियां भी चर्चा का विषय रही।दोपहर 2 बजे से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, राउत नाचा और विभिन्न राज्यों की परंपराओं को मंच पर जीवंत कर दिया। विशेष रूप से रामायण पर आधारित पंडवानी और देशभक्ति गीतों ने पालकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों के महत्व पर आधारित नाटक की सराहना करते हुए कई पालकों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए पुरस्कारों की घोषणा की। देर शाम पहुंचे जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों ने भी प्रस्तुतियों की जमकर तारीफ की।



#### 20 छात्राओं के खिले चेहरे

शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मुख्य अतिथियों के हाथों साइकिल पाकर छात्राएं गदगद नजर आईं।

#### सेल्फी जोन में यादें की ताजा

वर्ष 2000 के आसपास के पूर्व छात्रों के लिए आयोजित इस मिलन समारोह में सेल्फी जोन मुख्य आकर्षण रहा। हालांकि पहली बार हुए इस आयोजन में पूर्व छात्रों की संख्या उम्मीद से काफी कम र। कहा गया कि कार्यक्रम की सूचना ऐन वक्त पर मिलने के कारण कई पुराने छात्र शामिल नहीं हो सके। बहुत से छात्रों को कार्यक्रम की जानकारी नहीं दिया गया।

#### गैर-छात्रों के सम्मान पर उठे सवाल

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन की एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई। सम्मान समारोह में कुछ ऐसे व्यक्तियों को भी मोमेंटो और बैच देकर पूर्व छात्र के रूप में सम्मानित कर दिया गया, जिन्होंने कभी इस स्कूल में पढ़ाई ही नहीं की थी। सार्वजनिक मंच से हुई इस घोषणा और सम्मान को लेकर वहां मौजूद पालकों और स्टाफ के बीच कानाफूसी होते रही। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, खम्हन ताम्रकार, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय राजपूत, जीवनदास रात्रे, राकेश जायसवाल, पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, क्रांति ताम्रकार, उमा चौबे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता स्मिता दास एवं मनीष दास ने किया। अंत में प्राचार्य पवन ददरीया ने आभार प्रदर्शन किया।

---

## धोधा वितरण केंद्र में रजत जयंती समारोह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

क्षेत्र के विकास और सेवा के प्रतीक वितरण केंद्र धोधा में रजत जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

- जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रमेश साहू रहे। उनके साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ नेता संजु चंदेल और सरपंच दुर्गेश वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भारी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। उपस्थित अतिथियों ने वितरण केंद्र की 25 वर्षों की सेवाओं की सराहना की। इस दौरान डोगेंद्र साहू, बुलाकी साहू, इलेश साहू, मनोज साहू, दिनेश वर्मा वरिष्ठ नागरिक गणेश वर्मा, संतोष साहू, मनबोधी साहू और हीरा साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्युत कम्पनी गंडई के जेई हरिप्रसाद जंघेल सहित कम्पनी के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### माखन चंद्रवंशी बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला कार्यकारी सदस्य

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया की ग्राम मोहतरा कला के जनपद सदस्य प्रतिनिधि माखन चंद्रवंशी को भाजपा किसान मोर्चा के जिला कार्यकारी सदस्य बनाया गया, माखन चंद्रवंशी वर्तमान में जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक-19 से प्रतिनिधि साथ ही साथ वह अपने जीवन में पार्टी के प्रति संघर्ष समर्पण पार्टी के लिए हमेशा काम किया। आज इसी मेहनत को देखकर भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारी सदस्य बनाया गया है, जिसमें क्षेत्रवासियों द्वारा बधाई दी।

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवारों के हितों की रक्षा का आश्वासनः चंद्रप्रकाश

- एक दीपक शहीदों के नाम संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम जिला द्वारा आयोजित एक दीपक शहीदों के नाम संगोष्ठी कार्यक्रम 1 फरवरी को गौरवपूर्ण एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त ध्वजारोहण, ध्वज को सलामी तथा भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नपाध्यक्ष ने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही देश आजाद हुआ। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवारों के सम्मान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में शहीद पार्क सिग्नल चौक पहुंचकर भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद सहित अमर जवान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर 111 दीप प्रज्जवलित किए गए।




### स्वतंत्रता सेनानी परिवार से होना जीवन का सबसे बड़ा गौरव : मिश्र

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जीएस मिश्र आईएएस ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से होना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में सेनानियों ने शारीरिक व मानसिक यातनाएं सहकर भी अपने संकल्प को नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा आती-जाती रहती है, लेकिन स्वतंत्रता सेनानी परिवार से जुड़ा होना जीवनभर का सम्मान है।

### डॉ नरेश कुमार यदु के अध्यक्षीय उद्बोधन ने भावुक किया श्रोताओं को

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ नरेश कुमार यदु अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण ही हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने अपने पिता स्व. कोदूराम यदु के संघर्षों का उल्लेख करते हुए 1942 के आंदोलन के दौरान जेल में सहन की गई यातनाओं का स्मरण कराया। डॉ यदु ने संस्था की स्थापना, उद्देश्य और कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का गठन 13 जनवरी 2026 को हुआ है और प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को एक दीपक शहीदों के नाम कार्यक्रम के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है।

### उपमुख्यमंत्री जनसंपर्क कार्यक्रम में हुए शामिल, ग्रामीणों को मिली विकास की सौगात

# विजय शर्मा ने गांव के विकास के लिए की 2.71 करोड़ की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरोड़ा, सोनपुरी एवं राम्हेपुर में कुल 2 करोड़ 71 लाख 90 हजार रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण सहित अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने तीनों ग्रामों में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल होकर इन विकास कार्यों की घोषणा की और क्षेत्र के नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना।

जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मांग, समस्याओं को उप-मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्थल पर ही समस्याओं की जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कोशिश है कि गांवों का हर तरफ से विकास हो और लोगों को जरूरी सुविधाएं समय पर मिलें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उप मुख्यमंत्री ने गांवों में कई विकास कार्यों की घोषणा की। इनमें सड़क निर्माण और मरम्मत, सामुदायिक भवन, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था को मजबूत करना, बिजली से जुड़े कार्य और अन्य जरूरी सुविधाओं का विकास शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरे किए जाएं। जनसंपर्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर उप मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 2 करोड़ 71 लाख 90 हजार रुपए की लागत से होंगे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य



उप-मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से विकास कार्यों की घोषणा की। ग्राम बिरोड़ा में मेन रोड से नदी तक सीसी रोड निर्माण की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 2 में नाली निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, बाजार पारा में 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन तथा बिरोड़ा चौक में 02 नग सामुदायिक शौचालय निर्माण की भी घोषणा की गई। जिससे स्वच्छता और सामुदायिक सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।

### कुटकीपारा में मुरमीकरण, सीसी रोड, सामुदायिक भवन सहित होंगे विभिन्न निर्माण कार्य

ग्राम कुटकी पारा में ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए मुरमीकरण कार्य के लिए 6 लाख रुपए तथा सिंघरा पारा में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए। इसी क्रम में ग्राम सोनपुरी में कहार-धरसा में मुरमीकरण कार्य के लिए 4 लाख रुपए, शीतला माता प्रांगण में सीसी निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, तालाब के पास हैंडपंप खनन, गली में गड्ढा भराई तथा सर्व समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की गई, जिससे पेयजल, आवासीय सुविधा एवं सामाजिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

### राम्हेपुर में 2.32 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क और अन्य निर्माण कार्य

ग्राम राम्हेपुर में विकास कार्यों की बड़ी सौगात देते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राम्हेपुर से विचारपुर तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 25 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही भीमपुरी में मुक्तिधाम निर्माण, राम्हेपुर से दलसाटोला तक मुरमीकरण कार्य, सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रुपए तथा नाली निर्माण के लिए 2 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। इन घोषणाओं से क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी और ग्रामीणों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# गुरुकुल स्कूल के 13 अल्पसंख्यक मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गुरुकुल पब्लिक स्कूल के अल्पसंख्यक समुदाय के 13 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान जिला शिक्षा विभाग की तरफ से शैक्षणिक सम्मेलन के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला सिग्नल चौक कवर्धा में किया गया। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉ. विजय कुमार शाही ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर शैक्षणिक सम्मेलन का आयोजन कर अल्पसंख्यक समुदाय जिनमें सिक्ख, जैन, मुस्लिम, ईसाई, पारसी तथा बौद्ध प्रमुख हैं। जिसमें कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी पूर्व सत्र 2024-25 के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। जिनमें शाला की कक्षा नौवीं के विद्यार्थी दर्शना कटारिया, देवांश जैन, कक्षा 10वीं के बुसरा बानो, दर्श सिंह पाहुजा, गगनदीप सिंह छाबड़ा, कक्षा 11वीं के समीना बानो, जैनब बानो शेखानी, अनंत कुमार जैन, कक्षा 12वीं अनीश मुटरेजा, हर्षित सिंह पाहुजा, श्रेयांश जैन, मोहम्मद फैजल रजा तथा तबस्सुम कौसर खान आदि शामिल हैं। जिस पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार राय, संस्था के अध्यक्ष तथा समस्त पदाधिकारीगण ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को इस सुपरिणाम के लिए साधुवाद दिया।



### हॉयर सेकंडरी स्कूल रणवीरपुर में वार्षिकोत्सव मनाया गया



**हरिभूमि रणवीरपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रणवीरपुर में विगत दिनों वार्षिकोत्सव 1 फरवरी को हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, एसएमडीसी अध्यक्ष चेतन शुक्ला एवं नव नियुक्त प्राचार्य डी एस उईके के निर्देशन में यह रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस वार्षिकोत्सव में प्रमुख रूप से शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक तथा हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों साथ ही निजी स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर, गायत्री पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाग लेकर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया, स्वागत भाषण में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 के सदस्य प्रतिनिधि राजेंद्र साहू द्वारा किया गया। वहीं विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपने भाषण में समस्त प्रतिभागियों व विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित किया। इस वार्षिकोत्सव में विभिन्न स्कूलों से कुल 31 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जो कि शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सुधार, सामाजिक समरसता तथा छत्तीसगढ़ की विभिन्न संस्कृतियों जिसमें बस्तर की संस्कृति, राउत नाचा, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य की गाथाओं को सहेजता हुआ एक नया संदेश देने का प्रयास किया गया। जहां एक और हमार कबीरधाम की गाथा पर आधारित कार्यक्रम ने सब का मन मोह लिया, वहीं दूसरी ओर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर आधारित कार्यक्रम ने दर्शकों को भाव विभारे किया। वहीं हॉरर डांस ने छोटे बच्चों ने प्रस्तुतियां दी तथा ऑपरेशन सिंदूर, रानी लक्ष्मी बाई पर आधारित कार्यक्रमों ने दर्शकों के मन में देश भक्ति की भावना को जगाने का कार्य किया। साथ ही साथ भगवान श्री राम, माता काली पर आधारित धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी बच्चों ने अच्छे ढंग से किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पी सी ताम्रकार एवं स्काउट गाइड के बच्चों ने सराहना कार्य किया। साथ ही साथ पदाधिकारी व शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित थें, कार्यक्रम का संचालन पीसी ताम्रकार, शशांक यादव, जयश्री एवं सिमरन द्वारा किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा विगत वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# प्रेरणा विद्यापीठ हॉयर सेकण्डरी स्कूल में विदाई समारोह संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

कुण्डा में संचालित प्रेरणा विद्यापीठ हॉयर सेकेण्डरी स्कूल अखरा में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती, मां भारती के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्कूल के डायरेक्टर के द्वारा श्रीफल, पेन एवं गमछा भेंट कर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सेवाराम कुर्रे, अध्यक्षता रविन्द्र कुर्रे, अति विशिष्ट अतिथि बालमुकुन्द चन्द्रवंशी, हरेन्द्र चन्द्राकर, रामफल चन्द्रवंशी, पुरषोत्तम निर्मलकर, अमन खनूजा, देवेन्द्र चन्द्रवंशी, निलेश गुप्ता, शेखर चन्द्रवंशी, अशोक चन्द्राकर, वागिश चन्द्राकर, रामराज चन्द्राकर, दीना चन्द्राकर, प्रदीप रजक, परमेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में पालक एवं स्कूल के प्रबंधक रोहित चंद्राकर एवं प्राचार्य सागर चंद्राकर तथा व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### रैतापारा स्कूल में 15वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कुण्डा।** लिटिल स्टॉर मार्डन पब्लिक स्कूल रैतापारा में विगत दिनों 28 जनवरी को प्रतिवर्षानुसार की भांति 15वां वार्षिकोउत्सव का भव्य आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेहा उईके नायब तहसीलदार कुण्डा के कर कमलो से हुआ। जिसमे अन्य अथितियो के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच शेषनारायण चन्द्रवंशी, डोमन चन्द्रवंशी ब्रांच मैनेजर को जिला सह. बैंक शाखा पाण्डातराई, महेन्द्र चन्द्रवंशी एवं रतन लाल चन्द्रवंशी साथ ही साथ नारायण चन्द्रवंशी, प्राचार्य जेबी नायक, डायरेक्टर पीके वर्मा सहित स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस भव्य आयोजन में छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना, लोक नृत्य और सामाजिक संदेश देने वाले नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सबसे बड़ा आकर्षण का केन्द्र बच्चे द्वारा आपरेशन सिंदूर जो की हमारे वीर जवानों के द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राक का एक जीवंत दृश्य के रूप में प्रस्तुत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य जे बी नायक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया और विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलते ही उमंग पर युवाओं का भरोसा

- 60 युवाओं ने थामा भाजपा का हाथ, उमंग पाण्डेय बने युवा आकर्षण का केंद्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कबीरधाम जिला अध्यक्ष पद की घोषणा होते ही जिले की राजनीति में एक नई ऊर्जा का संचार देखने को मिल रहा है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उमंग पाण्डेय को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद से ही जिले भर के युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। युवाओं का यह उत्साह केवल भावनात्मक नहीं बल्कि विश्वास में बदलता हुआ नजर आया, जब कवर्धा के लगभग 60 युवाओं ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष भाजयुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सभी नव-प्रवेशी युवाओं ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का विशाल हार-माला से भव्य अभिनंदन कर अपना सम्मान और विश्वास प्रकट किया। उपमुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं का इस तरह बड़ी संख्या में जुड़ना उनके नेतृत्व, कार्यशैली और विचारों पर भरोसे का प्रमाण है। साथ ही उन्होंने सभी नए सदस्यों को बधाई देते हुए पार्टी, समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू के समक्ष भी युवाओ ने युवा मोर्चा में शामिल हुए। जिसमे भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीराम साहू, भाजपा कवर्धा शहर मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, रामविलास चंद्रवंशी, सौरभ शर्मा, ज्योति केशरवानी, सोनू ठाकुर, आशीष सोनी सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थें। सभी ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में अपने युवा जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व में काम करने को लेकर जोश और आत्मविश्वास साफ झलकता रहा। स्वयं जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने कहा कि उनका निरंतर प्रयास रहेगा कि पार्टी के विचार जिले के प्रत्येक युवा तक पहुंचें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद युवा तक सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं के साथ-साथ कन्या शक्ति ने भी बढ़-चढ़कर सदस्यता ली, जो यह दर्शाता है कि युवा मोर्चा अब केवल संगठन नहीं बल्कि विश्वास और अवसर का मंच बनता जा रहा है। स्पष्ट है कि जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलते ही उमंग पाण्डेय युवाओं के भरोसे की पहचान बनते जा रहे हैं, और कबीरधाम में भाजयुमो एक नई रफ्तार पकड़ चुका है।



### दिलीप चंद्रवंशी बने किसान मोर्चा कुण्डा मण्डल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



विगत दिनों भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन पटेल ने अपने कार्यकारणी की विस्तार करते हुए ग्राम पंचायत रुसे के सरपंच दिलीप चंद्रवंशी को भाजपा किसान मोर्चा कुण्डा मण्डल के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के अनुशंसा से भाजपा किसान मोर्चा जिला कबीरधाम के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की सूची जिला महामंत्री एवं जिला मुख्यालय प्रभारी मुकेश ठाकुर ने जारी की। जिला कार्यकारिणी में 4 उपाध्यक्ष, 1 महामंत्री, 5 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 सह-कोषाध्यक्ष, 1 मीडिया प्रभारी, 23 कार्यकारिणी सदस्य व 10 विशेष आमंत्रित सदस्य एवं 14 मण्डल अध्यक्ष की नियुक्ति किया गया। जिसमें कुण्डा मण्डल का अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी को बनाया गया है। श्री चंद्रवंशी के मनोनयन की घोषणा होते ही कुण्डा मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह और खुशी की लहर व्याप्त है।

### गांव की सुख-शांति व समृद्धि की कामना के साथ महायज्ञ आयोजित

# श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का आयोजन जल यात्रा के साथ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में गांव की सुख-शांति, समृद्धि एवं लोक कल्याण की भावना से श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का भव्य आयोजन किया गया है। यह धार्मिक आयोजन 3 से 11 फरवरी तक समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होगा। महायज्ञ की शुरुआत विधिवत जल यात्रा के साथ हुई। यज्ञाचार्य-उपाचार्य एवं पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।

इस महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित योगेश्वर दुबे (पंडरिया) तथा उपाचार्य वेदाचार्य पंडित महेश्वर प्रसाद द्विवेदी के सान्निध्य में यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। कथा प्रवचन का दायित्व पंडित सागर मिश्रा, श्रीमती रश्मि शास्त्री एवं सुश्री आर्या त्रिपाठी द्वारा निभाया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, रुद्र उपासना एवं जीवन में आध्यात्मिक संतुलन का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन कर रहे हैं। श्री रुद्र महायज्ञ भगवान शिव के रुद्र स्वरूप की उपासना का अत्यंत पवित्र वैदिक अनुष्ठान है, जिसका उद्देश्य मानसिक शांति, पारिवारिक सुख, दुखों का नाश तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार माना जाता है। यह यज्ञ 5 से 11 दिनों तक चलता है, जिसमें रुद्राभिषेक एवं रुद्रयाग प्रमुख होते हैं।



मान्यता है कि इससे कालसर्प दोष, मानसिक तनाव एवं पारिवारिक क्लेश दूर होते हैं तथा आत्मज्ञान और सफलता की प्राप्ति होती है। इस आयोजन में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में पवन शर्मा, विनय शर्मा, रामाधार शर्मा, राजीव शर्मा, दिनेश पाण्डेय, जोतराम साहू, जगदीश साहू, रामसहाय साहू, डॉ संतोष साहू, सुरेश ध्रुव, शत्रुहन गिरी गोस्वामी, दिलीप सिंह चौहान, दुकलहा साहू, रिखी साहू, कन्हैया साहू, मनोज साहू, चतुर साहू, झड़ी गिरी गोस्वामी, महासिंह चौहान, मनी निषाद, ग्राम पंचायत के पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी कोलेगांव का विशेष सहयोग रहा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय की पार्श्व प्रवेश परीक्षा 7 को

**बेमेतरा।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा IX एवं XI में प्रवेश हेतु पार्श्व प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा शनिवार, 7 फरवरी को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 1:45 बजे तक आयोजित होगी। विद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी है कि सभी पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी परीक्षा दिवस पर प्रातः 9 बजे विद्यालय परिसर में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों, ताकि समय पर प्रवेश एवं अन्य औपचारिकताएँ पूर्ण की जा सकें। परीक्षा से संबंधित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश एवं जानकारी अभ्यर्थी विद्यालय अथवा नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्राप्त कर सकते हैं।

### गांजा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी बस्ती क्षेत्र से छावनी बस्ती, जामुल निवासी कल्याण वर्मा, आदिवासी नगर, छावनी, जामुल लोकेश उईके को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने 1 किलो 530 गांजा, नगद राशि, मोबाइल जब्त किया।

### सटोरिया को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

**भिलाई।** सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पाटन पुलिस थाना क्षेत्र में वार्ड 9 में इलेक्ट्रॉनिक दुकान की आड़ में मोबाइल फोन से सट्टा कारोबार करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने देशमुख मोहल्ला, बुधवारा बस्ती पाटन निवासी नितेश कुमार देवांगन को पकड़ा गया। उसके पास से एक टाटा कंपनी का वाहन 15 लाख, मोबाइल 20 हजार, सट्टा पट्टी जब्त किया गया। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### धोखाधड़ी कर रकम ट्रांसफर करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धोखाधड़ी कर रकम ट्रांसफर करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मोबाइल फोन के गुम होने के बाद उसके दुरुपयोग कर 1.23 लाख 900 रुपये की ठगी करने वाले आरोपी जिला कैमूर बिहार निवासी सचिन किसपोट्टा को गिरफ्तार किया गया है। 6 मार्च 2024 को पीड़ित संतोष कुमार ने छावनी पुलिस के पास पहुंचकर शिकायत किया था। जिसमें एमआई कंपनी का मोबाइल फोन गुम हो गया है। मोबाइल में जियो और आइडिया कंपनी के सिम कार्ड लगा हुआ है। कुछ ही समय बाद पीड़ित को जानकारी मिली कि उनके फोन-पे यूपीआई अकाउंट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल 1.23 लाख 900 रुपए अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया। छावनी पुलिस जांच करना शुरु किया। तकनीकी साक्ष्यों और बैंक से जानकारी के आधार पर खाते की पहचान की गई। जिसमें ठगी की राशि ट्रांसफर की गई थी। जांच में यह खाता सचिन किसपोट्टा के नाम से संचालित होना पाया गया। साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस टीम बिहार रवाना हुई थी। आरोपी सचिन से पूछताछ करने पर मोबाइल के दुरुपयोग कर राशि ट्रांसफर करना स्वीकार किया। गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## आयोजन : बालवाड़ी प्रशिक्षण के प्रथम चरण का उत्साहपूर्वक समापन

# डाइट बेमेतरा में बालवाड़ी प्रशिक्षण से शिक्षकों को मिला नया शिक्षण दृष्टिकोण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा में आयोजित बालवाड़ी प्रशिक्षण के प्रथम चरण का मंगलवार को उत्साहपूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन कुल 148 प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतरझोला की शिक्षिका मीरा भट्टाचार्जी द्वारा प्रस्तुत मां शारदे की वंदना से हुई। इसके पश्चात भोईनाभाठा की शिक्षिका प्रतिमा देशलहरे एवं बेंदरचुवा के शिक्षक गजाधर सिंह लिलरिया ने प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।

सत्र की शुरुआत में डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बालवाड़ी के बच्चे जिज्ञासु, ऊर्जावान एवं खेल-खेल में सीखने वाले होते हैं। इस अवस्था में बच्चों का सामाजिक एवं भावनात्मक विकास होता है। छोटे-छोटे कार्य स्वयं करने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के व्यवहार और समझ को ध्यान में रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए पूरे मन से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। नन्हें-मुन्ने बच्चों को अपना बच्चा समझकर उनके भविष्य को गढ़िए। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर विधि शर्मा ने संज्ञानात्मक विकास एवं उसके विभिन्न चरणों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संवेदी विकास, अवधारणा पठन, मानसिक कौशल एवं संख्यात्मक विकास पर प्रकाश डाला। बच्चों द्वारा स्वाद, देखकर, सुनकर एवं स्पर्श के माध्यम से पहचान करने की प्रक्रिया को उदाहरणों सहित समझाया गया। थीम आधारित गतिविधियों पर की चर्चा मास्टर ट्रेनर शीतल बैस ने संख्या-पूर्व अवधारणा पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तुलना, वर्गीकरण, क्रमबद्धता, छांटना, एक-एक की संगति, पहचान, मिलान एवं समूहीकरण जैसे बिंदुओं को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से साकेत बिहारी ने थीम आधारित गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि बालवाड़ी स्तर पर बच्चों को 14 थीम के अंतर्गत शिक्षा दी जानी है, जिसमें प्रत्येक माह एक थीम पर कार्य किया जाएगा। मेरा शरीर, मैं और मेरा दोस्त, मौसम, पानी रे पानी, जानवरों की दुनिया, हमारे त्योहार सहित अन्य विषयों पर गतिविधि आधारित शिक्षण की जानकारी दी गई।

### सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाने वाला होता है सुगमकर्ताः मास्टर ट्रेनर

मास्टर ट्रेनर भूपेंद्र कुमार साहू ने वयस्क अधिगम के सिद्धांत एवं सुगमकर्ता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुगमकर्ता केवल जानकारी देने वाला नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाने वाला होता है। वह सीखने का वातावरण तैयार करता है, अनुभव को सीख से जोड़ता है और आत्म-मूल्यांकन को प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के अंत में डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता जी.एल. खुटियारे रहे। इस अवसर पर डी.केन्द्र कुमार, मनीषा पुरेना, हेमलता साहू, खुशबू दुबे, साधना राजपूत, मीरा भट्टाचार्जी, मनीषा नागवंशी, गजाधर सिंह लिलरिया, नेमी राम रजक, ओमप्रकाश निर्मलकर, लीना शुक्ला, कमलेश्वरी साहू, लेखु राम वर्मा, गोमती साहू, मीना राजपूत, श्रद्धा शुक्ला, अर्चना ढोबले, मेनका तिवारी, दिव्या वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बने दौलत राम साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षकों का बैठक 28 जनवरी को नवा रायपुर महानदी सरोवर के पास आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव (बेमेतरा) के संस्कृत व्याख्याता दौलत राम साहू को छग संस्कृत शिक्षक संघ का नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर नरेश विश्वकर्मा, हुसैन लाल पुजेरी, दिनेश मंडावी, शंकर लाल साहू, यशोदा चौहान, दिनेश कुमार ध्रुव, कामिनी पिल्लई, ईश्वरी यदु, शिरीष श्रीवास्तव, सुरेखा सेन, शारदा साहू, कन्हैया लाल ठाकुर, तारूण साहू, मनोज कुमार वर्मा, गंगा राम साहू, नोयन बुडेक, डॉ नारायण साहू, डॉ कोमल वैष्णव, हेमंत शर्मा सहित प्रदेश के संस्कृत शिक्षक ने बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान संघ के शिक्षकों ने बताया कि शिक्षा मंत्री की 25 अगस्त को हुई समीक्षा बैठक में बिन्दु क्रमांक 13 में अंकित कक्षा 6 वीं से लेकर कक्षा 10 वीं तक संस्कृत विषय को अनिवार्य करने एससीईआरटी रायपुर को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

जिसका आदेश आज पर्यन्त जारी नही किया गया है। इस बात की जानकारी के लिए 07 सितम्बर को मठपुरैना सरयु पारिण भवन में आयोजित विराट् संस्कृत विद्वत सम्मेलन में उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को भी ज्ञापन सौंपा गया है किन्तु आज पर्यन्त धरातल स्तर पर कार्य कोषों दूर दिखाई दे रहा हैं इससे प्रदेश के संस्कृत शिक्षक काफी निराशा है कि भारतीय ज्ञान परंपरा व संस्कृति सभ्यता और संस्कार परक भारतीय संविधान में सर्वोच्च स्थान प्राप्त आठवीं अनुसूची में शामिल संस्कृत भाषा के साथ अपने ही राष्ट्र में प्रदेश में ऐसा षड्यंत्र चल रहा है।

# समग्र शिक्षा व पीएमश्री अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए हुई निर्माण एजेंसियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- पूर्ण प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की प्रगति पर हुई विस्तृत चर्चा

जिला पंचायत सभाकक्ष में समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएमश्री योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु निर्माण एजेंसियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी गेंदराम चतुर्वेदी एवं जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा राजकुमार वर्मा द्वारा की गई। बैठक में समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिले में स्वीकृत विभिन्न शैक्षणिक भवन, अतिरिक्त कक्ष, मरम्मत एवं अन्य अधोसंरचना संबंधी निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

इसमें पूर्ण हो चुके कार्यों, वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों एवं अब तक अप्रारंभ निर्माण कार्यों की पृथक-पृथक जानकारी ली गई तथा कार्यों में आ रही बाधाओं पर चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। पीएमश्री विद्यालयों के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा राजकुमार वर्मा ने कहा कि विद्यालयीन अधोसंरचना सुदृढ़ होने से शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक परिवर्तन आएगा, अतः निर्माण एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने एमआईएस पोर्टल में कार्यों की प्रगति नियमित रूप से अद्यतन करने एवं आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यों की निगरानी, गुणवत्ता नियंत्रण, भुगतान प्रक्रिया एवं समन्वय से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि सभी निर्माण कार्य शासन के दिशा-निर्देशों एवं तकनीकी मापदंडों के अनुरूप हों। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता आर.ई.एस. महाजन बाँधडे, एमआईएस प्रशासक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय खिरामन वर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बेरला कमलेश कुमार निषाद, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक साजा खोमलाल साहू, प्रभारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नवागढ़ सरिता सतनामी तथा लेखापाल जगदम्बा प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हुआ जिला स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- शिक्षक, मितानिन ट्रेनर व ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को दिया गया प्रशिक्षण

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में चार चरणों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के शिक्षक, मितानिन ट्रेनर एवं विकासखंड समन्वयक (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) शामिल हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सीएमएचओ कार्यालय के मीटिंग हॉल एवं न्यू फूड प्लाजा, बेमेतरा में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय बेमेतरा की दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विजया रमन द्वारा प्रतिभागियों को तंबाखू से होने वाले दुष्प्रभावों, रोकथाम के उपायों तथा तंबाकू मुक्त गांव की अवधारणा की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों को सशक्त बनाना तथा शिक्षकों, मितानिन ट्रेनरों और ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों के माध्यम से जनजागरूकता को बढ़ावा देना रहा। प्रशिक्षण के दौरान सीओटीपीए - 2003 की विभिन्न धाराओं — धारा 4, 5, 6ए, 6बी व 7 पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण का समापन 2 फरवरी को सीएमएचओ कार्यालय के मीटिंग हॉल में किया गया, जहां मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य विभाग ने अपेक्षा जताई कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से जिले में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा तथा आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने में मदद मिलेगी।

# हायर सेकेंडरी विद्यालय कंडरका ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- समृद्धि कार्यक्रम में पहली बार छत्तीसगढ़ की भागीदारी कंडरका विद्यालय ने किया राज्य का प्रतिनिधित्व

नई शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत आर्ट इंटीग्रेटेड एजुकेशन पर आधारित राष्ट्रीय स्तरीय समृद्धि कार्यक्रम का आयोजन एनसीईआरटी, नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान (आरआईई) भुवनेश्वर, ओड़िशा में 27 जनवरी से 29 जनवरी 2026 तक किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य ने राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार भागीदारी की, जो राज्य के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ से प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका, विकासखंड बेरला, जिला बेमेतरा ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विद्यालय से व्याख्याता पुष्पा नायक एवं डॉ. दीपक कुमार साहू ने कार्यक्रम में भाग लेकर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। इस उपलब्धि पर समग्र शिक्षा कार्यालय छत्तीसगढ़ से सहायक संचालक अजय पिल्ले, स्टेट नोडल मुक्ति बैस, हरीश निषाद, डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी, सहायक संचालक एस.पी. कोशले, वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू, खीरामन वर्मा, डीएमसी राजकुमार वर्मा, उमा जाटव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश करमाकर, बीआरसी कमलेश निषाद, विद्यालय की प्राचार्य चेतना सिंह एवं शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष राहुल यदु (कंडरका) सहित अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सॉफ्टबाल में छत्तीसगढ़ का शानदार प्रदर्शन

# राष्ट्रीय शालेय स्पर्धा में जेवरा स्कूल के खिलाड़ियों ने जीता रजत व कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




स्कूल गेम्स फेडरेसन ऑफ इंडिया एवं महाराष्ट्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025-26 मे आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 19 वर्ष आयु वर्ग सॉफ्ट बाल प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ की टीम ने पूरे प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन किया और बालक वर्ग की टीम ने रजत पदक जीता।

इस प्रतियोगिता देश के 18 राज्यों की टीम शामिल हुए जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम ने बिहार पंजाब चंडीगढ और दिल्ली कि टीम को हराकर फाइनल मे पहुंची जहाँ महाराष्ट्र की टीम से हार कर रजत पदक जीतने मे सफल रहे वही बालिकाओं कि टीम ने भी तेलंगाना, राजस्थान और हरियाणा की टीम को हराकर सेमीफइनल मे पहुंची किन्तु दिल्ली की टीम से रोमांचक मैच मे हार के कारण हार्ड लाइन खेलना पड़ा जिसमे केरल कि टीम को हराकर छत्तीसगढ़ की टीम ने कास्य पदक जीता। पूरे प्रतियोगिता मे बेमेतरा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमे भोली साहु, काजल साहु, तारनी यदु, तनु यादव बालक वर्ग मे मयंक निषाद, देव पाटिल, संदीप पटेल, लक्ष्य कांठले, शिकेश शामिल रहे।

**इन्होंने दी बधाईः** राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे पदकीय प्रदर्शन कर जेवरा स्कूल एवं बेमेतरा जिले का नाम रौशन करने पर जिला शिक्षा अधिकारी जी आर चतुर्वेदी विकास खंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलाँगे जेवरा स्कूल प्राचार्य मंगेश कुमार कुलकर्णी, महेन्द्र पाटिल सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, समिति सदस्य उदय भास्कर सिंग, प्रबल सिंग ठाकुर, प्रधान पाठक विनोद कुमार चौहान, ब्याख्याता सोमेश्वर देवांगन, नीता साहू, पुष्कर भोंसले, संतोष साहू, रश्मि अग्रवाल, दीपशिखा माने, शाहिना सिन्हा, योगेश्वर देवांगन, पदमजा सिंग, मंजूषा सिंग, रौशनी गुप्ता, प्रमोद जानी, सुजाता पटेल, चिकेंद्र साहू, कविता शर्मा, सहायक कोच प्रिन्स सिंग, कमल यादव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाईयां दी है।

## खुड़मुड़ा में छत्तीसगढ़ स्तरीय लोक कला महोत्सव ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग

# खुड़मुड़ा व आनंदगांव में दो दिवसीय लोककला महोत्सव में शामिल हुए किसान नेता योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- लोकनृत्य, लोकगीत और पारंपरिक वाद्य यंत्रों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुड़मुड़ा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय लोक कला महोत्सव में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी एवं राहुल टिकहरियां (प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा) विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कला, लोक संगीत एवं सांस्कृतिक परंपराओं की मुक्तकंठ से सराहना की।

महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ एवं सांस्कृतिक झांकियां प्रस्तुत कीं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच से लेकर दर्शक दीर्घा तक पूरे परिसर में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। इसके पश्चात भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ग्राम आनंदगाँव पहुँचे, जहाँ आयोजित दो दिवसीय लोक कला महोत्सव में भी उन्होंने सहभागिता की। यहाँ भी कलाकारों की सशक्त प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया और ग्रामीण संस्कृति की आत्मा को मंच पर सजीव रूप में प्रस्तुत किया। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, लोक कलाकार, जनप्रतिनिधि के तौर पर ग्राम खुड़मुड़ा से सरपंच रमा अलख नायक, ईरज वर्मा, विनोद निषाद (पूर्व सरपंच), चंदराम बंजारे, सीताराम यादव (उपसरपंच), सुरेश कनौजे, महेंद्र वर्मा, श्रवण वहीं ग्राम आनंदगाँव से सरपंच चंदन नायक, रामशरण वर्मा, अनिल यादव, हुमनलाल साहू, जितेंद्र विश्वकर्मा, गुलशन साहू, कैलाश साहू, चंद्रशेखर, छगन लाल, अशोक तिवारी, रमेश साहू, ताकेश्वर सोनी, राकेश गोलू, राजू सेन, संतोष झपटमार, राजू वर्मा, राजेंद्र वर्मा, गुरुप्रसाद यादव, नीतेश वर्मा, किरण साहू, सूरज वर्मा, विधा साहू उपस्थित रहे।

### हमारी सांस्कृतिक पहचान और आत्मा है लोककलाः तिवारी

इस अवसर पर योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि "छत्तीसगढ़ की लोक कला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और आत्मा है। लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्र हमारी पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ की मिट्टी की खुशबू और समाज की संवेदनाएं समाहित हैं। उन्होंने कहा कि लोक कला महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण कलाकारों को सम्मान और मंच प्रदान करते हैं, जिससे उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। इससे न केवल कलाकारों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को नई पहचान भी मिलती है।

